प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 05.11.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. गुरूनानक देवजी की जयंती पर राज्यभर में धूमधाम से मनाया गया 556वां प्रकाश पर्व, रांची में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गुरूग्रंथ साहिब के समक्ष टेका मत्था, राज्य की खुशहाली की कामना की।
2. बोकारो के ललपनिया में राजकीय महोत्सव लुगुबुरू घंटाबाड़ी घोरोमगढ़ में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा– संथाली संस्कृति को पहचान दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
3. राज्यपाल संतोष गंगवार ने राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था पर जताई चिंता, कहा– बेहतर इलाज के लिए मरीजों को न जाना पड़े बाहर, राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था हो मजबूत।
4. ईडी ने जेएससीए स्टेडियम निर्माण में अनियमितता के आरोप में कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव को भेजा समन, टेंडर घोटाला में 8 लोगों से 27 नवंबर को होगी पूछताछ।

और

5. खेलो झारखंड के तहत राज्य स्तरीय फुटबॉल और क्रिकेट टीम का चयन कल और 12 नवंबर को, राज्य के सभी विद्यालयों के छात्र–छात्राएं ले सकते हैं हिस्सा।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को गुरु नानक देव जी के 556वां प्रकाशोत्सव के अवसर पर रांची स्थित गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल में कीर्तन कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने पूरे मानव समाज को सत्य, करुणा, सेवा, समानता और सद्भाव का महान संदेश दिया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने प्रकाश पर्व के मौके पर गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका और समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की कामना की।

****

उपराजधानी दुमका में भी आज गुरुनानक देव जी की जयंती पर प्रकाश पर्व मनाया गया। कमलाबाग कालोनी स्थित आयोजन स्थल पर सबेरे से गुरुग्रंथ साहिब का पाठ और शबद कीर्तन हुआं।

****

बोकारो के ललपनिया में लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ राजकीय महोत्सव में देश–विदेश से लाखों संथाली श्रद्धालु आए हुए हैं। इस तीन दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी यहां पहुंचे। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि जो समाज अपनी परम्परा और संस्कृति से दूर हो जाता है उसका पतन हो जाता है। लुगु बाबा ने आदिवासी समाज को एक सूत्र में बांधकर रखा है।

****

राज्यपाल संतोष गंगवार हजारीबाग में आयोजित निजी संस्थान के एकदिवसीय कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा का प्राचीनतम पद्धति है। संस्था आयुर्वेद पर काम कर रही है। दूसरी ओर इन्होंने इस बात को लेकर चिंता जाहिर की झारखंड में बेहतर इलाज के लिए लोगों को दिल्ली जाना पड़ रहा है. उन्होंने झारखंड में ही बेहतर चिकित्सा सेवा की जरूरत पर बल दिया।

****

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. इस्तीफे पर रांची भाजपा विधायक सीपी सिंह ने इस पर चिंता जाहिर की है।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। आज बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने गालूडीह मंडल में जनसभा को संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में वोट मांगा। वहीं, मंत्री दीपक बिरुवा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान उन्होंने कला माटी बोर्ड के गठन की घोषणा की।

****

ईडी ने झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जेएससीए अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव को समन भेजा है। उन्हें स्टेडियम निर्माण में अनियमितता के आरोप में 11 नवंबर को रांची स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

इधर, ग्रामीण विकास विभाग में हुए टेंडर घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने 8 आरोपियों को समन जारी किया है. तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल की पत्नी रीता लाल सहित आठ लोगों को समन जारी किया गया है। पीएमएलए कोर्ट में 27 नवंबर को अगली सुनवाई होगी।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से नागालैण्ड की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

****

गोड्डा जिले के सदर अस्पताल को सभी सुविधाओं से लैश किये जाने की तैयारी चल रही है।

****

रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के निर्देश पर बरियातू और लालपुर थाना क्षेत्र में नशे के विरूद्ध सघन छापेमारी की गई। छापामारी के दौरान कई बार एवं रेस्टोरेंट में लोग को समूह में धूम्रपान करते देखे गए। ऐसे लोगों और प्रतिष्ठान के मालिकों पर आठ हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

****

खेलो झारखंड के तहत राज्य स्तरीय फुटबॉल और क्रिकेट टीम का चयन 6 और 12 नवंबर को होगा। फुटबॉल अंडर–14 बालक) के लिए चयन कल खेलगांव स्थित प्रैक्टिस ग्राउंड में सुबह सात बजे से शुरू होगा। वहीं क्रिकेट (अंडर–19 बालक एवं बालिका) का चयन 12 नवम्बर 2025 को साउथ रेलवे मैदान, चुटिया, रांची में होगा, जिसकी रिपोर्टिंग भी सुबह सात बजे से होगी।

****

खेल एवं युवा मामले ,भारत सरकार द्वारा भारतीय एथलेटिक्स संघ और झारखंड एथलेटिक्स संघ की ओर से बालिका अंडर 14 एवं अंडर 16 आयु वर्ग के लिए राज्य के 14 जिलों में अस्मिता लीग (बालिका) एथलेटिक्स का आयोजन किया जाएगा।

*******समाप्त*********